BAL BHARATI PUBLIC SCHOOL, PITAMPURA, DELHI – 110034

विषय – हिंदी   कक्षा– छठी

अभ्यास पत्रिका- पाठ- 1

वह चिड़िया जो

निर्देश ः-

1. पाठ को अच्छी तरह समझने के लिए इस अभ्यास पत्रिका में दिए गए प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर में केवल सही विकल्प को कॉपी में लिखें।

RA

प्रश्न 1. ‘वह चिड़िया जो’ कविता के कवि का क्या नाम है?

(i) शमशेर सिंह

(ii) साहिर लुधियानवी

(iii) केदारनाथ अग्रवाल

(iv) सुभद्रा कुमारी चौहान

प्रश्न 2. चिड़िया को किससे प्यार है?

(i) नदी से

(ii) अन्न से

(iii) वन से

(iv) उपरोक्त सभी से

प्रश्न 3. चिड़िया चोंच में भरकर क्या लाती है?

(i) डाली

(ii) पानी की बूँद

(iii) अन्न के दाने

(iv) छोटे पत्थर

प्रश्न 4. चिड़िया किसका दिल टटोलती है?

(i) वन का

(ii) नदी का

(iii) पेड़ का

(iv) अन्न का

प्रश्न 5. चिड़िया वन बाबा के लिए किस तरह से गाने गाती है?

(i) दिल खोलकर

(ii) पंख फैलाकर

(iii) कंठ खोलकर

(iv) भरे मन से

प्रश्न 6. चिड़िया कौन-सा साहसी कार्य करती है?

(i) भरी नदी से पानी की बूँद लाने का

(ii) जंगल में घूमकर गाना गाने का

(iii) दूध-भरे ज्वार के दाने खाने का

(iv) इनमें से कोई नहीं है

प्रश्न 7. कवि कविता के माध्यम से क्या सन्देश देना चाहता है?

(i) मिल-जुलकर रहने का

(ii) संतोष, और उमंग से रहने का

(iii) घमंड करने का

(iv) बेफिक्र होकर जीवन जीने का

प्रश्न 8. चिड़िया दूध-भरे ज्वार के दानों को कैसे खाती है?

(i) अधूरे मन से

(ii) रूचि से

(iii) बेफिक्र होकर

(iv) उमंग से

प्रश्न 9. कविता में कैसी चिड़िया का वर्णन है?

(i) छोटी, संतोषी, घमंडी, गर्वीली चिड़िया का

(ii) छोटी, संतोषी, साहसी और गर्वीली चिड़िया का

(iii) छोटी, संतोषी, मिलजुलकर रहने वाली और गर्वीली चिड़िया का

(iv) छोटी, संतोषी, साहसी और बेफिक्र रहने वाली चिड़िया का

प्रश्न 10. 'वह चिड़िया जो' की विधा क्या है?

(i) कहानी

(ii) कविता
(iii) नाटक
(iv) पत्र

BAL BHARATI PUBLIC SCHOOL, PITAMPURA, DELHI – 110034

विषय – हिंदी कक्षा– छठी

अभ्यास पत्रिका –अपठित गद्यांश

निर्देश ः-

1. इस अभ्यास पत्रिका में दिए गए लिंक को देखें।
2. दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा प्रश्नों के उत्तर कॉपी में लिखें।
3. बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर में केवल सही उत्तर को ही कॉपी में लिखें।

नीचे दिए गए लिंक को देखें व अपठित गद्यांश के विषय में जानें ः-

https://www.youtube.com/watch?v=WXDvYKHn4xk&app=desktop

प्रश्न- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ः-

संसार में सबसे मूल्य वान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

प्रश्न 1 दिए गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प को लिखें ः-

PITAMPURA

(क) समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?
(i) इसका एकक्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता
(ii) सम्य व्यक्ति के वश में नहीं है।
(iii) समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है
(iv) मनुष्य उस समय की गति को नहीं रोक सकता

(ख) विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है
(i) जीवन को सुखी बनाना
(ii) गुरुओं का आदेश मानना
(iii) व्यक्ति के जीवन में समय का महत्त्व
(iv) शिक्षा प्राप्त करना

(ग) विद्यार्थी जीवन भर क्यों पछताते रहते हैं ?
(i) क्योंकि वे आलसी होते हैं
(ii) जो अपना कीमती समय मौज मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।
(iii) जो ज्ञान प्राप्त नहीं करते।
(iv) जो विद्यार्थी माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते

(घ) संमय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है?
(i) परिश्रम करें
(ii) मन लगाकर पढ़ाई करें
(iii) बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें
(iv) असफल होने पर निराश न हों, पुनः प्रयास करें

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक सुझाइए
(i) समय का सदुपयोग
(ii) समय और मनुष्य
(iii) विद्यार्थी और समय
(iv) अमूल्य समय उत्तर

दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए ः -

(क) संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु क्या है?

(ख) व्यक्ति के बस में क्या नहीं है?

(ग) किस प्रकार के विद्यार्थी पछताते हैं?

(घ) मनुष्य का क्या कर्तव्य है?

BBPS, PITAMPUR